# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की अष्टम बैठक की कार्यवृत्त

### रविवार, 19 मार्च 2023

### आतिथ्य: उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मलेन

**महाराजा अग्रसेन भवन , किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2020-2022 की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की अष्टम बैठक रविवार, 19 मार्च 2023 को उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मलेन के आतिथ्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के सभापतित्व में महाराजा अग्रसेन भवन, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित कार्यकारिणी सदस्यों, विशेष आमंत्रितों एवं समाजजनों की उपस्थिति रही:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री संतोष सराफ | श्री संजय हरलालका | श्री मधुसूदन सीकरिया |
| श्री ओम प्रकाश प्रणव | श्री भागचन्द पोद्दार | श्री चंडी प्रसाद डालमिया | श्री रमेश कुमार बजाज |
| श्री सज्जन शर्मा | श्री लक्ष्मीपति भुतोडिया | श्री टीकमचन्द सेठिया | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल |
| श्री गोपाल तुलस्यान | श्री शिव कुमार लोहिया | श्री आदित्य पोद्दार | श्री चांदमल अग्रवाल |
| श्री पोडेश्वर पुरोहित | श्री नरेश चंद्र अग्रवाल | श्री युगल किशोर अग्रवाल | श्री कमल नोपानी |
| श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला | श्री बिनोद तोदी | श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल | श्री महेश जालान |
| श्री संतोष खेतान | श्री संजय जाजोदिया | श्री श्याम सुन्दर भरतीया | श्री केदार नाथ गुप्ता |
| श्री रणजीत जालान | डॉ. सावर धनानिया | श्री श्याम सुंदर टिबड़ेवाल | श्री रमण माहेश्वरी |
| श्री बाल कृष्ण देवड़ा | श्री जितेंद्र कुमार अग्रवाल | श्री आनंद मोहन अग्रवाल | श्री सुरेश नोसारा |
| श्री मनोज चांदगोठिया | श्री मनोज अग्रवाल | श्री राजेश कुमार पोद्दार | श्री संदीप सेकसरिया |
| श्री कमला प्रसाद गर्ग | श्री बिष्णु पोद्दार | श्री प्रदीप केडिया | श्री पूनम चन्द सुराणा |
| श्री सनील कुमार अग्रवाल | श्री स्वतंत्र अग्रवाल | श्री मनोज अग्रवाल | श्री परदीप केडिया |
| श्री कैलाश पति तोदी | श्री प्रदीप जीवराजका | श्री सज्जन बेरीवाल | श्री सतीश महाना |
| श्री कमलेश कुमार नाहाटा | श्री विजय सकलेचा | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | |

निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सूचना दी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नंदलाल रूंगटा | श्री आत्माराम सोंथालिया | श्री अनिल कुमार जाजोदिया | श्री बिनय सरावगी |
| श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री राज कुमार केडीया | श्री पवन कुमार गोयनका | श्री पवन जालान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोपाल अग्रवाल | श्री गोविन्द अग्रवाल | श्री जगदीश प्रसाद शर्मा | |

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज की पहचान सेवाभावी समाज के रूप में आदिकाल से रही है। आज भी पूरे देश में मारवाड़ियों द्वारा भारी पैमाने पर सेवा कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि "हमारे समाज की जो भी संस्थाएँ सेवा कार्य करती हैं , उन्हें अपने बैनर में नीचे 'मारवाड़ी समाज की एक संस्था' अवश्य लिखना चाहिए, ताकि हमारे द्वारा की जा रही सेवा की जानकारी अन्य समाज के लोगों तक भी पहुँचे।"

राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने बैठक की शुरुआत करते हुए विगत कार्यकलापों की जानकारी सबके समक्ष रखते हुए सामाजिक संगठनों में कार्यकर्ताओं की अवहेलना का मुद्दा उठाया तथा इस पर चिता जाहिर की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन और उसके पदाधिकारियों को माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय से नोटिस प्राप्त हुआ। वकील साहब से जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि सम्मेलन के एक सदस्य श्री मनमोहन गाड़ोदिया ने एक केस फाइल किया है (CSNo.37/2023) जिसमें सम्मेलन और उसके पदाधिकारियों पर कई तरह के आरोप लगाए गए हैं।

कई सदस्यों ने मुकदमेबाजी पर अपना क्षोभ प्रकट करते हुए निदा और भर्त्सना की एवं उपर्युक्त केस करने वालों पर उचित कार्रवाई करने का प्रस्ताव भी दिया। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय पदाधि कारियों ने यह कहकर इस विषय पर चर्चा को स्थगित कर दिया कि जब कोर्ट में केस पेंडिग है तब इस विषय पर ज्यादा चर्चा करना उचित नहीं होगा। उत्तेजित सदस्यों के शांत होने के बाद सभा की पूर्व सुनिश्चित कार्यवाही की गई। अखिल भारतीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय कि न्यायालय में इस बाबत सम्मेलन का पक्ष रखने एवं सभी आवश्यक कार्यवाही हेतु महामंत्री श्री संजय हरलालका को अधिकृत करने तथा सर्वसम्मति से इस मुकदमें का पूरा व्यय अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा वहन करने के निर्णय पर कार्यकारिणी समिति ने मुहर लगाई।

बैठक में आगामी सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु नियुक्त सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट श्री प्रदीप जीवराजका एवं श्री केदार नाथ गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी एडवोकेट नंदलाल सिघानिया द्वारा कार्यकारिणी से प्रदत्त अधिकार के तहत बनाई गई चुनाव नियमावली तथा संविधान के तहत संपन्न हुए चुनाव के आधार पर सम्पन्न हुई चुनावी प्रक्रिया की रिपोर्ट रखते हुए पशिच्म बंगाल के हावड़ा निवासी श्री शिव कुमार लोहिया को आगामी सत्र के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। सहायक चुनाव अधि कारी ने बताया कि संविधान की १५(१) के अनुसार प्रांतीय अध्यक्षों से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित करने को कहा गया था। श्री शिव कुमार लोहिया को 12 प्रांतों तथा श्री विवेक गुप्त को तीन प्रांतों का समर्थन मिला, दोनों अध्यक्षीय उम्मीदवार के लिए योग्य पात्र थे। श्री शिव कुमार लोहिया ने चुनाव की उम्मीदवारी के लिए अपनी सहमति दी, पर श्री विवेक गुप्त ने अपनी सहमति नहीं दी, अतः श्री लोहिया निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सभी का आभार प्रकट किया एवं आश्वासन दिया कि मैं सभी के विश्वास पर खरा उतरने के लिए कोई भी कोर-कसर बाकी नहीं छोडूंगा।

बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित यूपी विधानसभा स्पीकर श्री सतीश महाना ने कहा कि "मारवाड़ी का मतलब है शौर्य, मारवाड़ी का मतलब है समाज की सेवा, मारवाड़ी का मतलब है अपने घर से कटौती कर दूसरे की सेवा करना, मारवाड़ी का मतलब है विश्वसनीयता, जिसे बरकरार रखना है।

श्री सांवरमल धनानिया ने पश्चिम बंग प्रा. मा. स. की तदर्थ समिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां नए अध्यक्ष के चुनाव हेतु तदर्थ समिति पुनः शीघ्र बनाई जानी चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने इसका समर्थन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र तदर्थ समिति बनाने का आश्वासन दिया।

बैठक में संरक्षक सदस्यों को तीस हजार की राशि केंद्रीय कार्यालय को देकर विशिष्ट संरक्षक सदस्य बनाने की सुविधा जो ३० मार्च २०२३ तक थी उसको एक महीना बढ़ाकर ३० अप्रैल २०२३ तक किया गया।

कर्नाटक के अध्यक्ष श्री सुभाष अग्रवाल ने कहा कि सम्मेलन के सदस्यों का किसी विषय पर विरोध हो तो उसके लिए एक Grievance Cell बनाया जाना चाहिए। सर्व सम्मति से अध्यक्ष को Grievance Cell बनाने के लिए अधिकृत किया।

श्री विनोद तोदी जी ने प्रस्ताव दिया कि अनुशासन किसी भी संस्था की प्रगति के लिए आवश्यक है, अतः एक अनुशासन समिति बनाई जानी चाहिए। सर्व सम्मति से अनुशासन समिति बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि सम्मेलन पूरे भारत में विशाल रूप ले चुका है। भारतवर्ष में कुल करीब ७०० जिले हैं, इनमें से हमें कम से कम ३०० जिलों में अपनी पहुँच बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजसुधार के साथ-साथ हमें सेवा के क्षेत्र में भी कार्य करना होगा, जैसे लायंस क्लब ने आँख तो रोटरी क्लब ने पोलियो रोग को दूर करने के क्षेत्र में काम किया।

आगे श्री सराफ ने कहा कि वर्तमान सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया और सम्मेलन को नई ऊँचाई प्रदान की है। उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ इसका स्वागत और अनुमोदन किया।

बैठक में आगामी अधिवेशन हेतु चार प्रस्ताव पारित किए गए, जो निम्नलिखित हैं –

१. संविधान संशोधन २. मायड भाषा रा प्रचार-प्रसार ३. विवाह समारोह में मद्यपान का निषेध

४. प्री-वेडिंग शूट, सड़कों पर नृत्य, ड्रेस कोड का विरोध।

इस मौके पर कर्नाटक प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल, बिहार अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल, उत्तराखंड अध्यक्ष श्री संतोष खेतान तथा महामंत्री श्री संजय जाजोदिया, मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार संकलेचा, आंध्र प्रदेश

अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल तथा महामंत्री श्री पोद्देश्वर पुरोहित, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया, बिहार प्रदेश के निवर्तमान अध्यक्ष श्री महेश जालान, पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री रमेश केजरीवाल, कमल नोपानी, निर्मल झुनझुनवाला, बिनोद तोदी, पूर्वोत्तर के पूर्व अध्यक्ष श्री मधु सूदन सिकरिया, मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष श्री कमलेश नाहटा, उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष श्री रंजीत जालान, झारखंड के पूर्व अध्यक्ष, श्री भागचंद पोद्दार सहित डॉ. सावर धनानिया, श्री पवन बंसल, श्रीमती सुषमा अग्रवाल सहित अन्यों ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से उत्तराखंड में मारवाड़ी सम्मेलन के नाम से बन रहे एक स्कूल के लिए ५१ हजार रुपये बतौर सहयोग के तौर पर देने की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गाड़ोदिया ने ४ बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता-१७ के कार्यालय को पंजीकृत कार्यालय के रूप में पंजीकृत करवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

बैठक के शुभारंभ में उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री श्रीगोपाल तुलस्यान, महामंत्री श्री टीकम चंद सेठिया, कोषाध्यक्ष श्री आदित्य पोद्दार, संयोजक श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रचार मंत्री श्रीमती विनीता अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री श्री प्रदीप केडिया, श्री महेंद्र कुमार लड़िया ने पूरे देश से आए राष्ट्रीय-प्रादेशिक पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माला -दुपट्टा तथा मेमेंटो प्रदान कर स्वागत किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने दिया।

| | |
|---|---|
| गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | संजय हरलालका |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री |